राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल को उनके जन्मदिन पर कई जन–प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, धर्मगुरूओं, सामाजिक–आर्थिक संगठनों के पदाधिकारियों–प्रतिनिधियों, गणमान्य जन, बुद्धिजीवियों आदि ने मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 12 अप्रैल 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आज अपने 83वें जन्मदिन (12 अप्रैल, 1935) के सुअवसर पर राज्य के कई गणमान्य जन, जन–प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, धर्म–गुरूओं, सामाजिक–आर्थिक संगठनों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, प्राध्यापकों, बुद्धिजीवियों आदि से राजभवन में मिलकर उनकी बधाई एवं शुभकामनाएँ स्वीकार की।

इसके पूर्व राज्यपाल श्री टंडन आज बेली रोड स्थित राजवंशी नगर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर गए, जहाँ उन्होंने भगवान हनुमान का दर्शन एवं पूजन–अर्चन किया तथा मानव–कल्याण और बिहार के समग्र विकास की कामना की। बाद में दरभंगा से आये संस्कृत के कई विद्वान आचार्यों ने राजभवन में स्वस्तिवाचन कर महामहिम राज्यपाल के स्वस्थ, सुखी एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की।

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन को आज उनके जन्मदिन पर महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द, माननीय उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू सहित पूरे देश एवं प्रदेश के कई नेताओं ने दूरभाष पर भी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

राज्यपाल श्री टंडन से आज राजभवन में कुम्हरार (पटना) के विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा सहित कई जनप्रतिनिधिगण, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा, पूर्णिया विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा, मुंगेर विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मौलाना मजहरूल हक विश्वविद्यालय सहित अन्य कई विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण तथा कई विश्वविद्यालयों, राज्यपाल सचिवालय, राज्य सरकार के कई अधिकारीगण, पदाधिकारीगण आदि ने भी मिलकर उन्हें शुभकामनाएँ दी एवं उनका अभिवादन किया।

आगे पृष्ठ...2 पर

राज्यपाल से बी॰आई॰ए॰ एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों आदि ने श्री ओ॰पी॰ शाह के नेतृत्व में मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच के अध्यक्ष डॉ॰ विनय बहादुर सिन्हा, उपाध्यक्ष श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह, बोहरा समाज के आमिल साहब, ईरशाद भाई शाह, वल्लीमुल्लाह साहब, मो॰ अबुल कलाम (भागलपुर) डॉ॰ आलमगीर शबनम (दरभंगा), मौलाना डॉ॰ अमानत हुसैन, मदरसा इस्लामिया, समसूल होदा के प्रिंसिपल डॉ॰ मसहूद अहमद, खानकाह चिस्तिया दानापुर के शाह विलाल रिजवी, फातिमा डिग्री–कॉलेज, फुलवारी शरीफ के सचिव अब्दुल्लाह साहब, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की बी॰के॰ काजल, ज्योति, अस्मिता, पूनम, प्रमोद एवं सुजीत, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष श्री अनिल सुलभ, भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रदेश युवा अध्यक्ष श्री राजगौरव सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य जन, मीडिया प्रतिनिधिगण एवं बुद्धिजीवियों आदि ने राजभवन में महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

इसी दौरान महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने राजभवन के परामर्शी (उच्च शिक्षा) प्रो॰ आर॰सी॰ सोबती एवं श्री विपिन सोबती द्वारा संपादित पुस्तक ''Rejuvenating Higher Education –Ways to achieve excellence'' का भी लोकार्पण किया। इस पुस्तक का प्रकाशन महामहिम राज्यपाल श्री टंडन के जन्मदिन पर उन्हें समर्पित है।

महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने अपने जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामना देने आए सभी आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उम्मीद जाहिर की कि बिहार राज्य सभी बिहारवासियों के सहयोग और प्रयासों से तेजी से प्रगति–पथ पर अग्रसर होगा।

....